**Need to provide First Class passes to freedom fighters in Vande Bharat trains**

श्री भर्तृहरि महताब **(**कटक**) :** मैं आपका ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं ।

स्वतंत्रता सेनानियों को वंदे भारत ट्रेन में प्रथम श्रेणी पास के माध्यम से यात्रा की सुविधा नहीं मिल रही है, जबकि अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यह सुविधा उपलब्ध है । यह तथ्य काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, उन्हें इस आधुनिक और सम्मानजनक ट्रेन में यात्रा करने से वंचित किया जा रहा है ।

आज के समय में वैसे भी स्वतंत्रता सेनानी बहुत कम संख्या में बचे हैं और उनकी यात्राएं भी गिनी-चुनी होती हैं । वंदे भारत और वंदे मातरम जैसे शब्द स्वतंत्रता सेनानियों के गौरवशाली संघर्ष और नारे से जुड़े हुए हैं ।

संभव है कि इस विषय की जानकारी आपके संज्ञान में न हो, इसलिए, मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि स्वतंत्रता सेनानियों को वंदे भारत ट्रेन में प्रथम श्रेणी पास की सुविधा देने की कृपा करें । इससे न केवल उनका सम्मान होगा, बल्कि राष्ट्र की ओर से उन्हें एक छोटा सा कृतज्ञता भाव भी मिलेगा। धन्यवाद ।